प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 23.07.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात, राज्य से जुड़ी तीन प्रमुख परियोजनाओं के लिए डीपीआर बनाने पर सहमति।

- पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने बोकारो में की समीक्षा बैठक, शिक्षा, रोजगार और योजनाओं में पिछड़े वर्ग की भागीदारी पर की गई चर्चा।

- रांची में खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर आधारित दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का हुआ समापन, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा–स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बनीं राज्य के विकास में गेम चेंजर।

- केंद्र सरकार ने देशभर में आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्रों के आधुनिकीकरण के लिए बीआईएनडी योजना के तहत 2,539 दशमलव 61 करोड़ रुपये की परियोजना की शुरू, दक्षिण भारतीय भाषाओं के चैनलों को बढ़ावा देने के प्रयास भी जारी।

- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई नेताओं ने पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा से अस्पताल में की मुलाकात, स्वास्थ्य का लिया हाल, जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

*****************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर रांची की तीन प्रमुख परियोजनाओं पर चर्चा की। इस के तहत रांची–जमशेदपुर फ्लैश चार्जिंग बस, एलिवेटेड कॉरिडोर में सोहराय पेंटिंग और आउटर रिंग रोड के लिए डीपीआर बनाने पर सहमति बनी। नितिन गडकरी ने तीनों परियोजनाओं पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए, जिससे रांची देश का दूसरा शहर बनेगा जहां फ्लैश चार्जिंग बस चलेगी।

*****************

झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने आज बोकारो में पिछड़ा वर्ग से जुड़े मामलों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि टीम बोकारो में पिछड़े वर्ग की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्थिति का अध्ययन कर रही है। बैठक में शिक्षा, रोजगार और मत्स्य पालन योजनाओं में पिछड़ा वर्ग की भागीदारी पर भी चर्चा हुई।

*****************

राजधानी रांची में झारखंड राज्य आजीविका मिशन द्वारा खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर आधारित दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का समापन हुआ। इस कार्यशाला में देशभर के 14 राज्यों से आई एजेंसियों ने भाग लिया और विकास से जुड़े मुद्दों पर मंथन किया। साथ ही कार्यशाला में विभिन्न राज्यों के आजीविका मिशन की महिलाओं ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं राज्य के विकास में गेम चेंजर हैं।

*****************

धनबाद के बाघमारा थाना क्षेत्र में अवैध उत्खनन स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और विधायक सरयू राय को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। हालात तनावपूर्ण होने पर सुरक्षा बलों ने दोनों नेताओं को सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना पर विधायक सरयू राय ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि तस्कर हथियारबंद दस्तों के बल पर खनन करवा रहे हैं और इसके लिए बीसीसीएल, सीआईएसएफ, राज्य सरकार और प्रशासन जिम्मेदार हैं।

*****************

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत उत्तर के अनुसार, केंद्र सरकार ने देशभर में आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्रों के आधुनिकीकरण के लिए बीआईएनडी योजना के तहत 2,539 दशमलव 61 करोड़ रुपये की परियोजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत बिहार के लिए भी विशेष राशि आवंटित की गई है। इसके साथ ही, सरकार दक्षिण भारतीय भाषाओं के चौनलों को प्रोत्साहित करने और उनकी पहुंच बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

*****************

खूंटी के पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष और पद्मभूषण सम्मानित कड़िया मुंडा से राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भेंट कर उनका हालचाल जाना। राज्यपाल ने चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी और तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने भी अस्पताल में मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना। तोरपा विधायक ने उन्हें पितातुल्य बताते हुए कहा कि वे जल्द स्वस्थ होकर मार्गदर्शक के रूप में फिर हमारे बीच होंगे।

*****************

गोड्डा वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से इस बार जिले में सघन पौधा रोपण अभियान चलाया जा रहा है।       विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

मानसून के दौरान बिजली हादसों की आशंका को देखते हुए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने हजारीबाग में एक दिवसीय बिजली सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित की। इस मौके पर उप महाप्रबंधक अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि सावधानी ही बिजली दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है और ऐसे कार्य प्रशिक्षित व्यक्ति से ही करवाने चाहिए।

*****************

मौसम विभाग ने कल रांची, जमशेदपुर, दुमका, गिरिडीह सहित राज्य के कई जिलों में गरज के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई है। साथ ही कुछ जिलों में तेज हवा चलने और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। इसके तहत किसानों और आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

*******समाप्त********